कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री डा0 निरंजन लाल द्वारा दीपक क्लिनिक, गॉधी तिराहा, दौसा जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेक्टर, दौसा जिला दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील सं0 51/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 25.09.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेक्टर, दौसा जिला दौसा को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेक्टर, दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेक्टर, दौसा का पत्रांक आरटीआई/2018/905 दिनांक 25.09.18 द्वारा आवेदक को सीधा ही सूचना प्रेषित करते हुए इस कार्यालय को प्रति पृष्ठांकित की गई है। साथ ही अति0 जिला कलेक्टर, दौसा का पत्रांक न्याय/आरटीआई/2018/5323 दिनांक 01.10.18 भी आवेदक को सूचना सीधा ही भिजवाते हुए इस कार्यालय को प्रति पृष्ठांकित की गई है। प्राप्त पत्रादि संलग्न पत्रावली हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवदेक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा